कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर

क्रमांक / नर्सिंगहोम / 2021 / 12090 - 12107 ग्वालियर दिनांक 5/4/21

/ / आदेश / /

विदित है कि विगत दिवसों में ग्वालियर जिले में कोविड–19 प्रकरणों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है व आगामी दिवसों में प्रकरणों की संख्या और अधिक बढ़ना संभावित है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए निम्न तालिका अनुसार कार्यालय में पंजीकृत निजी नर्सिंगहोम्स के उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गए बैड्स कोविड–19 पॉजीटिव मरीजों को भर्ती करने हेतु संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. भोपाल के आदेश क्र/आई.डी.एस.पी./2020/197 भोपाल 07.03.2020 के द्वारा जारी म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 10–02/2020/सत्रह/मेडी–02 के परिपेक्ष्य में नोवल कोरोना वायरस बीमारी के लिए म.प्र. पब्लिक हैल्थ एक्ट 1949 के अंतर्गत अधिसूचना दिनांक 07.03.2020 के अनुसार प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए चिन्हित किया जाता है व तालिका अनुसार बैड्स कोविड–19 पॉजीटिव मरीजों को भर्ती हेतु आरक्षित किये जाते हैं।

क्र	निजी चिकित्सालय का नाम एवं पता	कोविड–19 मरीजों हेतु आरक्षित बैड्स
1	बी.आई.एम.आर. हॉस्पिटल सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर ग्वालियर	50
2	श्री आर.एस. धाकरे मेमोरियल मल्टीस्पेश्लिटी हॉस्पिटल एम.पी.सी.टी. कैम्पस पुतलीघर रोड ग्वालियर	100
3	एस.आर. मेमोरियल हॉस्पिटल वैष्णो देवी कैम्पस गुप्तेश्वर मंदिर के पास तिघरा रोड ग्वालियर	100
4	व्ही.आई.एस.एम. हॉस्पिटल, व्ही.आई.एस.एम. कैम्पस तुरारी एन.एच. 75, झांसी रोड ग्वालियर	100
5	श्री व्यंकटेश हॉस्पिटल, आगरा झांसी बायपास मुरार ग्वालियर	100
6	रामकृष्ण हास्पीटल रन बाय न्यू कमला शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति साडा रोड ग्वालियर म0प्र0	100
7	आईडियाज हॉस्पिटल, मालनपुर रोड ग्वालियर	100
8	श्रीराम हॉस्पिटल एमकेआईआईआईटीएम शिवपुरी लिंक रोड ग्वालियर	100
9	अभिषेक हॉस्पिटल, पिपरौली शिवपुरी लिंक रोड ग्वालियर	100
10	सर्वधर्म हॉस्पिटल, खेरिया मोदी, चितोरा रोड बड़ागांव ग्वालियर	100
11	श्री नारायण हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, सर्वे नं 560, ग्राम भदखेड़ी सिथौली झांसी रोड ग्वालियर	100
12	सोफिया हॉस्पिटल, माधवराव सिंधिया रोड महलगांव ग्वालियर	100
13	अंश मल्टीस्पेश्लिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, शिवपुरी लिंक पिपरौली रोड केदारपुर ग्वालियर	100
14	आई.टी.एम. हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर सिथौली रेलवे स्टेशन के सामने झांसी रोड ग्वालियर	100
15	टाईम हॉस्पिटल, थाना बिजौली के पास रतवाई मुरार ग्वालियर	100
16	एस.के.एस. हास्पिटल गोविन्दपुरी ग्वालियर	50

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपनी संस्था में उपरोक्तानुसार बैड्स कोविड–19 पॉजीटिव मरीजों को भर्ती हेतु निर्धारित मानकों अनुसार चिकित्सकीय व नर्सिंग स्टाफ व सैन्ट्रल ऑक्सीजन सिस्टम सहित समस्त व्यवस्थायें बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त हेतु राउंड द क्लॉक चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ का ड्यूटी रोस्टर बनाकर कार्यालय में तत्काल प्रस्तुत करें। यह भी निर्देशित किया जाता है कि संस्था में आरक्षित बैड्स पर भर्ती होने वाले कोविड–19 पॉजीटिव मरीजों का निःशुल्क उपचार आई.सी.एम.आर. प्रोटोकॉल अनुसार व शासन के निर्देशानुसार करना सुनिश्चित करें। उक्त आरक्षित बैड्स पर भर्ती होने वाले मरीजों के उपचार हेतु दवाईयाँ व उनके भोजन की व्यवस्था कार्यालय द्वारा की जावेगी। साथ ही संस्था में आने वाले मरीजों को मास्क लगाकर ही संस्था में प्रवेश की अनुमति दें। साथ ही मास्क सदैव लगाने हेतु परामर्श भी प्रदान करें। संस्था में मरीजों के बीच निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित किया जावे। किसी भी स्थिति में संस्था में भीड़ एकत्र न हो। संस्था में आने वाले मरीजों जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक हो से कोविड वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करें व नॉन वैक्सीनेटेड मरीजों को निकटतम शासकीय / निजी कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पर सुविधा अनुसार कोविड वैक्सीनेशन कराये जाने हेतु प्रोत्साहित करें।

उपरोक्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जावे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला ग्वालियर

क्रमांक / नर्सिंगहोम / 2021 ग्वालियर दिनांक

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला ग्वालियर।
2. संबंधित संचालक निजी चिकित्सालय स.क्र............की ओर पालनार्थ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला ग्वालियर